भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2956
दिनांक 12 मार्च, 2021 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर
बाल अस्पताल

2956. श्री आर. के. सिंह पटेल:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के बांदा और चित्रकूट जिलों में बच्चों के लिए कार्यरत सरकारी अस्पतालों की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या इन अस्पतालों में बच्चों के लिए ओपीडी फिर से आरंभ हो गई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (श्री अश्विनी कुमार चौबे)

(क) से (ग): सार्वजनिक स्वास्थ्य तथा अस्पताल राज्य का विषय होने के कारण सरकारी अस्पतालों के परिचालन तथा अनिवार्य सेवाओं के प्रावधानों को सुनिश्चित करने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबद्ध राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की है।

उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त सूचना के आधार पर, उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र के बांदा तथा चित्रकूट जिलों में बच्चों के लिए कोई विशेष सरकारी अथवा निजी अस्पताल कार्यरत नहीं है।

जिला अस्पताल, बांदा तथा चित्रकूट एवं सीएचसी अंतरा में बाल रोग चिकित्सकों द्वारा बच्चों के लिए ओपीडी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। दोनों जिला अस्पतालों में एसएनसीयू/एनआरसी की सुविधा उपलब्ध है। नारायणी, मणिकपुर, पहारदी तथा शिवरामपुर में एनबीएसयू सुविधाएं उपलब्ध हैं।

*****